विधान परिषद् के प्रथम सत्र, 2025 के द्वितीय शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-15 का उत्तर।

| अतारांकित प्रश्न संख्या-15 | उत्तर |
|---|---|
| (क) क्या उप मुख्य मंत्री (ग्राम्य विकास) बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड-कसमण्डा के ग्राम पंचायत-नवागांव के मजरा कंचनपुर का लगभग 1400 मी0 सम्पर्क मार्ग बहुत ही जर्जर है जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है? | उक्त प्रश्नगत मार्ग पूर्व से सर्वऋतु मार्ग (खडण्जा) से जुड़ा हुआ है एवं वर्ष 2011 की जनणगना के अनुसार आबादी 163 है।<br>उक्त ग्राम पंचायत नवागांव के मजरा कंचनपुर का लगभग 1400 मीटर सम्पर्क मार्ग (खडण्जा) का कार्य क्षेत्र पंचायत निधि, पंचायतीराज विभाग से वित्तीय वर्ष 2008-09 में कराया गया है।<br>उल्लेखनीय है कि ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार की पीएमजीएसवाई-III के गाईडलाइन्स के अनुसार 05 किमी0 या उससे अधिक लम्बाई के मार्गों का अपग्रेडेशन ही किया जाना अपेक्षित था।<br>वर्तमान में ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-IV लॉन्च की गयी है, जिसकी गाईडलाइन के अनुसार प्रदेश के आकांक्षात्मक विकास खण्डों एवं आकांक्षात्मक जनपदों के वर्ष 2011 की जनगणना पर आधारित 250 तक आबादी एवं उससे अधिक जनसंख्या तथा प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में 500 एवं उससे अधिक जनसंख्या वाले पीएमजीएसवाई की गाईडलाइन्स के अनुसार अर्ह अनजुड़े बसावटों को पक्के मार्गों से जोड़ने हेतु योजना प्रारम्भ की गई है। इस योजना में 500 मीटर या |

| | |
|---|---|
| | उससे अधिक लम्बाई के कच्चे मार्गों को ही पक्के मार्गों से जोड़ा जाना है।<br>प्रश्नगत मार्ग पूर्व से सर्वऋतु मार्ग से जुड़े होने एवं वर्ष 2011 की जनणगना के अनुसार आबादी 163 होने के कारण उक्त मार्ग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-IV की गाईडलाइन से आच्छादित नहीं है। अतः इस सम्बन्ध में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से कोई कार्यवाही किया जाना अपेक्षित नहीं है।<br>सूच्य है कि उक्त ग्राम पंचायत नवागांव के मजरा कंचनपुर का लगभग 1400 मीटर सम्पर्क मार्ग (खडण्जा) कार्य क्षेत्र पंचायत निधि से वित्तीय वर्ष 2008-09 में कराया गया है। |
| यदि हॉ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु मार्ग का डामरीकरण करायेंगे? | प्रश्न नहीं उठता। |
| यदि हॉ, तो कब तक? | उपरोक्तानुसार। |
| यदि नहीं, तो क्यों? | उपरोक्तानुसार। |

**केशव प्रसाद मौर्य**
उप मुख्यमंत्री।